संख्या– /33–3–2026

प्रेषक,

राजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मंडलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।
2. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ दिनांकः मार्च, 2026

विषयः– प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान के छठवें चरण के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विशेष सचिव, उ0प्र0, शासन के पत्र सं0–I/1268489/2026/6–15099/58/2025 दिनांक 17 मार्च, 2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' के विशेष अभियान के छठवें चरण के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत करते हुए विभागीय कार्ययोजनाओं में जन–सहभागिता सुनिश्चित करने, महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ उनके स्वउद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना बनाते हुए कार्य किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।

2– उक्तानुसार प्राप्त निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति के छठवें चरण में महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन की दिशा में निम्नॉकित गतिविधियॉ राज्य के साथ त्रिस्तरीय पंचायतों के स्तर पर की जानी अपेक्षित हैः–

क्र0	गतिविधियॉ	गतिविधियों का विवरण	कार्यवाही	समयावधि
1.	राज्य स्तरीय कार्यशाला	75 महिला हितैषी ग्राम पंचायतों की राज्य स्तरीय कार्यशला का आयोजन।	निदेशालय स्तर	अप्रैल 2026
2.	ग्राम सभाओं /पंचायत सभाओं का आयोजन	महिलाओं/ स्वयं सहायता समूह की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से सम्बन्धित गतिविधियों को वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाने के लिए ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन।	समस्त त्रि–स्तरीय पंचायतें	19 मार्च से अक्तूबर, 2026 तक
3.	बाल सुरक्षा समिति को सक्रिय किया जाना	बलिकाओं की सुरक्षा हेतु पंचायत स्तर पर बाल सुरक्षा समिति का गठन एवं जागरूकता हेतु बैठक कर समितियों को सक्रिय किया जाना।	समस्त ग्राम पंचायत	01 अप्रैल से 30 जून, 2026
4.	बालक–बालिकाओं के शौचालय का मरम्मत/ जीर्णोद्धार	शासकीय प्राथमिक एवं अपर/उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं ऑगबाड़ियों में बालक–बालिकाओं के लिए पृथक–पृथक बाल मैत्री शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण।	समस्त त्रि–स्तरीय पंचायतें	19 मार्च से अक्तूबर, 2026 तक
5	बालिका जन्म पंजीकरण अभियान	अभियान चलाते हुए 0–5 वर्ष की बालिकाओं के छूटे हुए जन्म	समस्त ग्राम पंचायत	01 अप्रैल से 31 अक्तूबर,

Arti

		पंजीकरण को सी.आर.एस.पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित् करना।		2026
6	महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान	उल्लेखनीय कार्य (शिक्षा/ सामाजिक सुधार अथवा सुरक्षा) करने वाली महिलाओं/बालिकाओं को सम्मानित करना।	समस्त त्रि–स्तरीय पंचायतें	19 मार्च से 30 अप्रैल 2026 के मध्य

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मिशन शक्ति–2026 के छठवें चरण हेतु चिन्हांकित गतिविधियों का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में करते हुए विभागीय एम.पी.आर.पोर्टल पर गतिविधियों की मासिक प्रगति फोटो सहित अपलोड कराना सुनिश्चित् करें।

<u>संलग्नकः यथोक्त</u>

भवदीय,

Digitally signed by RAJESH KUMAR TYAGI
Date: 20-03-2026 16:27:52

(राजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. विशेष/अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/सचिव/विशेष सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. समस्त मंडलायुक्त, उ0प्र0।
6. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उ0प्र0।
9. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0), उत्तर प्रदेश।
11. समस्त प्रधान/सचिव, उ0प्र0।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by ASHOK KUMAR RAM
Date: 20-03-2026 16:32:19

(अशोक कुमार राम)
उप सचिव।